(b) if so, what are the details of the schemes;

(c) whether these schemes are being implemented in Andhra Pradesh also; and

(d) if so, the number of Scheduled Castes/Scheduled Tribes covered by these schemes in Andhra Pradesh so far?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) While no separate scheme in this regard has been drawn up for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, they are also covered by the general me dical aid programmes.

(b) to (d) Do not arise.

दिल्ली के पूर्वी भाग में गंगा के पानी की सप्लाई

3701. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान दिल्ली के पूर्वी भाग में स्थित कितनी कालोनियों को गंगा का पानी सप्लाई किए जाने का विचार है ;

(ख) गंगा के पानी की सप्लाई कब तक शुरू हो जाने की आशा है ;

(ग) इस संबंध में कुल कितना खर्च होने की संभावना है ;

(घ) क्या वर्ष 1988 के दौरान गौतमपुरी कालोनी में भी गंगा के पानी की सप्लाई करने का विचार है ; और

(ङ) यदि हां तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जसवीर सिंह) : (क) से (ग) नकमी नगर तथा शकरपुर क्षेत्र की 29 कालोनियों को नगर निगम का पानी दिए जाने की सम्भावना है और लाइनों के जून, 1988 तक चालू हो जाने की आशा है। परिधीय तथा आन्तरिक पानी की मुख्य लाइनें बिछाने में 170.47 लाख रुपये की कुल लागत का अनुमान लगाया गया है।

(घ) तथा (ङ) परिधीय सिस्टम वाली लाइनों बिछाने का कार्य आरम्भ कर दिया गया है और इसके दिसम्बर, 1988 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। गौतमपुरी को पानी की आपूर्ति कब तक की जाएगी जब आन्तरिक मुख्य लाइनें बिछा दी जाएंगी जिसके लिए अनुमानों को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

उपभोक्ता सहकारी भण्डारों के लिए जारी किए गए लाइसेंस

3702. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान पंजीयक सहकारी समिति, दिल्ली प्रशासन द्वारा जिन सहकारी समितियों को उपभोक्ता सहकारी भंडारों के लिए लाइसेंस दिए गए हैं, उनकी संख्या कितनी है तथा उनके नाम और पते क्या हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि किसी प्रकार की जांच किए बिना ही इन समितियों को लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो, तो क्या किसी खुफिया एजेन्सी द्वारा इस मामले की जांच कराए जाने का विचार है ; यदि हां, तो कब तक ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) चालू सहकारी वर्ष के